**दिनांक 24.06.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिला में नवनिर्मित 80 पी0 ओ0 आवास के ड्राईंग रूम में टी0वी0 यूनिट, मास्टर बेडरूम में वार्डरोब एवं मॉडयूलर किचेन का अधिष्ठापन कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

उपस्थितिः-

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अभय कुमार सिंह,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

(iii) **श्री अखिलेश कुमार,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, गया जी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - गया जी जिला में नवनिर्मित 80 पी0 ओ0 आवास के ड्राईंग रूम में टी0वी0 युनिट, मास्टर बेडरूम में वार्डरोब एवं मॉडयूलर किचेन का अधिष्ठापन कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹2,42,36,800/- (सचिव, विधि विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-2318/जे0 दिनांक-18.03.2026)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹2,42,35,000/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-387(नि0) अनु0 दिनांक-15.05.2026)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹2,40,64,605/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹2,40,64,605/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-022063(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-28.03.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 17.05.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 20.04.2026 / 22.05.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 10.06.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 11.06.2026 |
| 11 | **निविदादाता का नाम एवं पता** | - |

(1) रामरतन प्रसाद यादव, बाराचट्टी, गया जी (Reg. No- 123032, Class-I, RWD)।
(2) IDECOR, सजाद करिम, महल पर, बिहार शरीफ, नालन्दा (Reg. No.- 2230141, Class-II , BCD)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 24.06.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कुल दो निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तह्त समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तह्त समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** रामरतन प्रसाद यादव, बाराचट्टी, गया जी (Reg. No- 123032, Class-I, RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी SBD की कंडिका-4.5A(b) एवं कंडिका-4.5A(c) के आलोक में निविदाकार द्वारा फर्नीचर मद में कोई भी अनुभव प्रमाण-पत्र नही पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) एवं 4.5A(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** IDECOR, सजाद करिम, महल पर, बिहार शरीफ, नालन्दा (Reg. No.-2230141, Class-II , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा कि शर्त्तों में मॉगी गई

(i) SBD की कंडिका-4.5A(a) के आलोक में निविदाकार द्वारा Audit Report के Blance Sheet मे Sales वर्णित है। जो निविदा की शर्त्तो को पूरा नहीं करता है।

(ii) SBD की कंडिका-4.5B (a) के आलोक में निविदाकार द्वारा कोई भी Plants Equipments संबंधी Tax Invoice उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(a), 4.7 एवं 4.5B(a) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाया गया कि इस निविदा में दोनों निविदाकार के असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/-<br>(अखिलेश कुमार)<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, गया जी। | ह0/-<br>(अभय कुमार सिंह)<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, गया जी। | ह0/-<br>(मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0),<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-12/2023 1645(3) .................. पटना/दिनांक 24/06/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/06/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/T.P-1/2026/docx 178